दिन– शुक्रवार

दिनांक– 19 ⁄ 06 ⁄ 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की।

02 केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – बिहार में बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत पटना से दिल्ली का सफर चार घंटे इकतालीस मिनट में होगा पूरा।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – स्टार्टअप और उद्योगों के विकास के लिए 'बिहार टेक' पोर्टल का होगा निर्माण। अगले पांच साल में देश का औद्योगिक हब बनेगा बिहार।

04. और, राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामलों में दस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की दी स्वीकृति।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले बारह वर्षों में सरकार की पॉलिसी और फैसलों ने पूरे देश में लगातार नए रोज़गार के मौके बनाए हैं। श्री मोदी नई दिल्ली में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत दो हज़ार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करने के बाद आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से देश विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है।

——साउंड बाइट——

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता युवाओं के सपनों, उनके कौशल और उनके सामर्थ्य से होकर जाता है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत रोज़गार योजना की मदद से अब तक करीब सत्तर लाख नौकरियां सृजित हुई हैं।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज छपरा से आनंद विहार के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे बिहार सहित पूर्वांचल के

लोगों का दिल्ली जाना आसान हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी और अन्य गणमान्य लोग भी उपथित थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में बिहार को बुलेट ट्रेन परियोजना का भी लाभ मिलेगा।

--साउंड बाइट--

इधर, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने जिले के मढ़ौरा स्थित लोकोमोटिव प्लांट में तैयार इक्यावनवें रेल इंजन को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर अफ्रीकी देश गिनी के लिए रवाना किया। मढ़ौरा से रवाना किया गया यह इंजन पहले मुंद्रा पोर्ट पहुंचेगा। वहां से समुद्री मार्ग के जरिए इसे गिनी भेजा जाएगा। मेक इन इंडिया के तहत बना यह इंजन भारी माल ढुलाई के लिए डिजाईन किया गया है। श्री वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना से बिहार को लगभग एक हजार करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

---

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पटना स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया, नवाचार, तकनीक और उद्यमिता के माध्यम से नए भारत की मजबूत नींव रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आईटी और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाकर बिहार विकसित राज्य के निर्माण की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

--साउंड बाइट--

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार में स्टार्टअप और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही बिहार टेक पोर्टल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य को अगले पांच वर्षों में उद्योगों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा और युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार सृजन के लिए हरसंभव सहायता दी जाएगी। पटना के राजीवनगर स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योग स्थापना में आने वाली बाधाओं को तेजी से दूर कर रही है तथा निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सहयोग पोर्टल और

सहयोग शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं के समाधान की प्रभावी व्यवस्था की गई है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में नगर विकास और आवास विभाग की एक सौ सत्तावन योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा भी उपस्थित रहे। पटना स्मार्ट सिटी के कुल नौ प्रोजेक्ट्स को कार्यक्रम में शामिल किया गया है। पटना के चर्चित परियोजनाओं में मीठापुर में छब्बीस हजार वर्गफुट क्षेत्र में तैयार कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया गया है। इसके अलावा पटना में गिग वर्कर्स के लिए दो एसी लाउंज का भी उद्घाटन हुआ है। मुख्यमंत्री ने दीघा से सभ्यता द्वार तक विकसित रिवर फ्रंट परियोजना का भी उद्घाटन किया। यहां जिग–जैग पार्क बनाया गया है। नगर विकास विभाग की यह परियोजनाएं पटना शहर को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

———————————————————————

पटना में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप में दस अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक एवं विभागीय कार्रवाई को स्वीकृति दी है। श्री जायसवाल ने कहा है कि विभाग में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी। पटना सिटी की भूमि सुधार उप समाहर्ता अभिलाषा सिन्हा पर दाखिल–खारिज अपील वाद के निष्पादन के बदले पंद्रह लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में आरोप पत्र गठित कर निलंबन की अनुशंसा की गई है। वहीं, हाजीपुर के तत्कालीन अंचलाधिकारी मुकुल कुमार झा, किशनगंज सदर के अंचलाधिकारी राहुल कुमार तथा पश्चिम चंपारण के बगहा–एक की अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव सहित कई अधिकारियों के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है।

———————————————————————

तिरहुत क्षेत्र के पुलिस उप–महानिरीक्षक ने कार्य में लापरवाही के आरोप में शिवहर जिले के तरियानी थानाध्यक्ष विनय कुमार को निलंबित कर दिया है। इधर,

सुपौल के पुलिस अधीक्षक ने प्रतापगंज थाना के मालखाना से प्रतिबंधित कफ सीरप को अवैध रूप से बेचने के आरोप में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया है। वहीं, चौकीदार राहुल कुमार सहित चार पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने लगभग एक दशक बाद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम मूल्यांकन पंजी—एमवीआर यानी सर्किल रेट बढ़ा दिया है। निबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर औसतन एक दशमलव छह गुना, जबकि शहरी क्षेत्रों में लगभग दोगुनी कर दी गई है। सर्किल रेट बढ़ने से जमीन की रजिस्ट्री और स्टांप शुल्क भी महंगे होंगे। नई व्यवस्था के तहत अब हर वर्ष एमवीआर में स्वतः पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी और प्रत्येक तीन साल पर इसकी समीक्षा की जाएगी। विभागीय मंत्री मदन सहनी ने कहा कि सर्किल रेट बढ़ने से भूमि अधिग्रहण के मामलों में किसानों को अधिक मुआवजा मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं के नाम संपत्ति रजिस्ट्री पर मिलने वाली छूट बढ़ाकर शून्य दशमलव पांच प्रतिशत कर दी गई है।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी—एनटीए ने रविवार को होने वाली नीट—यूजी पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप संचार चैनल शुरू किया है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि सभी आधिकारिक व्हाट्सएप संदेश केवल उसके सत्यापित नंबर— **नौ एक सात आठ दो सात नौ आठ शून्य दो आठ सात** के माध्यम से भेजे जाएंगे। एजेंसी ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि एनटीए से भेजे गए किसी भी संदेश पर भरोसा करने से पहले नीले सत्यापन चिह्न और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नाम की जांच कर लें।

———————————————————————

दरभंगा में इक्कीस जून को होने वाली नीट—यूजी पुनर्परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष बस सेवा चलाई जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा दिल्ली मोड़ बस पड़ाव और दरभंगा रेलवे स्टेशन से विभिन्न परीक्षा केंद्रों तक दस बसों का परिचालन किया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि बसें सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक तथा शाम पांच बजे से सात बजे तक निर्धारित मार्गों पर चलेंगी, जिससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा होगी।

---

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना के बामेती सभागार में तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम उत्पादक किसान, उद्यान विशेषज्ञ और आम विक्रेता मौजूद रहे। महोत्सव में आम की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जहां किसानों और आम प्रेमियों को अलग–अलग किस्मों के आमों की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार में आम की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

---

राज्य में अगले चार से पांच दिनों के दौरान मॉनसून के प्रसार की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व में स्थित जिलों के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है।

––साउंड बाइट––

इधर, विभाग ने बांका, दरभंगा, पटना, पूर्णिया, सहरसा और समस्तीपुर सहित अन्य जिलों में अगले दो घंटों के दौरान तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है।

---

कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय, डहरक ने स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चौंसठवां स्थान प्राप्त किया है। देशभर के लगभग चौदह लाख पचहत्तर हजार विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया था, जिनमें से एक सौ इक्यानवे विद्यालयों का चयन राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए किया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की।

02 केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – बिहार में बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत पटना से दिल्ली का सफर चार घंटे इकतालीस मिनट में होगा पूरा।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – स्टार्टअप और उद्योगों के विकास के लिए 'बिहार टेक' पोर्टल का होगा निर्माण। अगले पांच साल में देश का औद्योगिक हब बनेगा बिहार।

04. और, राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामलों में दस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की दी स्वीकृति।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।